प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- सुप्रीम कोर्ट के आग्रह पर देशभर के डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ली, कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई ने सौंपी स्टेटस रिपोर्ट।
- झारखंड में एटीएस ने की बड़ी कार्रवाई। रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में 16 स्थानों पर छापेमारी कर आंतकी संगठन अलकायदा से जुड़े आठ संदिग्धों को किया गिरफ्तार।
- जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ने के बाद लापता हुए विमान का अब तक पता नहीं, चांडिल डैम से कैप्टन जीत शत्रु आनंद और ट्रेनी पायलट सुभ्रोदीप दत्ता का शव बरामद।
- झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने मंत्रिमंडल और पार्टी से जल्द इस्तीफा देने के दिये संकेत, कहा– नये अध्याय की जल्द करेंगे खुलासा, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने घर वापसी की दी सलाह।
- खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत रांची में राज्य स्तरीय नेहरु कप हॉकी प्रतियोगिता आज से शुरु, राज्य भर से चयनित स्कूली खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।

****

सुप्रीम कोर्ट के आग्रह पर देशभर के जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले ली है। इससे पहले आज केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और कोलकाता पुलिस ने कोलकाता के राधा गोबिन्द कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में आज शीर्ष न्यायालय के समक्ष स्थिति रिपोर्ट दायर की। इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चन्द्रचूड ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह किया था।

****

झारखंड में एटीएस ने आज बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस ने रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में 16 स्थानों पर छापेमारी कर आंतकी संगठन अलकायदा से जुड़े आठ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आईजी अभियान एवी होमकर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि छापेमारी में एटीएस के अलावा एसटीएफ, रांची और दिल्ली की पुलिस शामिल रही। श्री होमकर ने बताया कि इस दौरान हिरासत में लिये गये संदिग्धों के ठिकानों से हथियार, डिजिटल उपकरण और कई दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

****

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ने के बाद लापता हुए विमान का अब तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि चांडिल डैम में तलाशी अभियान के दौरान विमान पर सवार कैप्टन जीत शत्रु आनंद और ट्रेनी पायलट सुभ्रोदीप दत्ता का शव डैम से बरामद कर लिया गया है। एसडीम शुभ्रा सरकार ने इसकी पुष्टि की है।

साउंड बाइट– शुभ्रा सरकार– 15 सेकेंड

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज मंइयां सम्मान योजना के तहत पलामू, गढ़वा और लातेहार की महिलाओं के खाते में पहली किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित किया। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पलामू प्रमंडल के लिए इस योजना की शुरुआत की गयी। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

****

झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने जल्द ही मंत्रिमंडल और पार्टी से इस्तीफा देने के संकेत दिये हैं। चाईबासा में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बदले हुए परिदृश्य में राजनीति की रुपरेखा तय होते ही वे अपने संगठन को मजबूत करने पर ध्यान केन्द्रीत करेंगे।

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वे झामुमो को कोई नुकसान नहीं पहुंचायेंगे, क्योंकि झामुमो के साथ उनके संघर्ष की कहानी जुड़ी हुई है।

****

इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने चंपाई सोरेन से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि श्री सोरेन का भविष्य और विचारधारा झामुमो में ही सुरक्षित है। श्री गुप्ता ने आरोप लगाया कि श्री सोरेन भाजपा के भंवर जाल में फंस गये हैं।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो पर वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन का अपमान करने का आरोप लगाया है। रांची स्थित पार्टी कार्यालय में एक मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्री सोरेन के पास राजनीति का लंबा अनुभव है और स्वतंत्र होकर काम करने देना चाहिए।

****

देवघर को नशा मुक्त करने की दिशा में जिला प्रशासन के साथ सामाजिक संगठनों के द्वारा भी कई कदम उठाये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत आज से राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित मरंग गोमके हॉकी स्टेडियम में राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्यभर से चयनित स्कूली खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसका उदघाटन खेल निदेशक संदीप कुमार ने किया। उदघाटन मैच रांची और गिरिडीह के बीच खेला गया।

*******समाप्त*******